CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 336 रायपुर, सोमवार 30 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## एकतरफा प्यार में पुलिसकर्मी के बेटे की हत्या

### दुर्ग पुलिस ने 5 संदिग्धों को लिया हिरासत में



**दुर्ग, 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** एक युवक का लव ट्रायंगल के चलते खून हो गया है। लड़की के प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ देर रात पहले प्रेमी को लाठी डंडों से इतना मारा की उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर और पुलिस के अधिकारी रात में मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए मरचुरी भेज दिया। पुलिस ने रात में ही लड़की सहित ५ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मुख्य आरोपी लुकेश साहू घटना के बाद से फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मामला पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत सिवल लाइन एरिया का है। यहां एक लड़की और लड़का चेतन साहू काफी समय पहले रहते थे। दोनों की मां पुलिस विभाग में हैं। चेतन लड़की से प्यार करता था। इसी बीच लड़की की मां का ट्रांसफर हो गया और वो उसके साथ वहां रहने चली गई, लेकिन चेतन का प्यार कम नहीं हुआ।

लड़की सरगुजा जाने के बाद लुकेश साहू नाम के लड़के से प्यार करने लगी थी, लेकिन चेतन लगातार उसे फोन करके परेशान करता रहता था। २४ दिसंबर को लड़की अपनी मां के साथ दुर्ग आई थी। जब ये बात चेतन को पता चली तो वो उसे मिलने के लिए परेशान करने लगा। ये बात लड़की ने अपने प्रेमी लुकेश को बताई। लुकेश के कहने पर लड़की ने चेतन को पुलिस लाइन के पास सिविल लाइन में अपने घर के पास मिलने के लिए बुलाया। रविवार देर रात ११-१२ बजे के करीब जब चेतन लड़की से मिलने पहुंचा तो वहां लुकेश अपने दोस्तों के साथ पहुंचा हुआ था। उसने चेतन को घेर लिया और दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि लुकेश ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से इतनी मारा की उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत



**राजनांदगांव, 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)।** जिले से हादसे की बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार आज रविवार की शाम लगभग 04:30 बजे घुमका क्षेत्र के ग्राम मुरमुंदा तिराहा के पास बेमेतरा की ओर से आ रही ट्रक के चालक ने ग्राम मुरमुंदा की ओर से आ रहे मोटर साइकिल सवार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मोटर साइकिल में सवार 30 वर्षीय भुवन यादव, 26 वर्षीय तुलेश्वर यादव और 30 वर्षीय नारद यादव की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक पर कार्रवाई की है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### चुनाव से पहले केजरीवाल का एक और बड़ा एलान, पुजारियों और ग्रंथियों को हर माह 18,000 मिलेगी सैलरी



**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** केजरीवाल ने पुजारी और ग्रंथि सम्मान योजना का एलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज मैं जो योजना का ऐलान करने जा रहा हूं उस योजना का नाम पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना है। इसके तहत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशी देने का प्रावधान है...उन्हें लगभग 18,000 रुपये प्रति माह सम्मान राशी दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल कल कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत करेंगे। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, आम आदमी पार्टी के जीतने पर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18,000 प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। ये योजना समाज में उनके आध्यात्मिक योगदान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उनके प्रयासों का सम्मान है। भाजपा वालों इसे रोकने की कोशिश मत करना, बहुत पाप लगेगा।

### चार महिलाओं से इश्क करना हिजबुल्ला कमांडर को पड़ा भारी, मोसाद ने इसी कमजोरी से जाल में फंसाकर मारा

**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** इस्राइल, हिजबुल्ला के लगभग सभी शीर्ष कमांडर्स को ढेर कर चुका है। अब खुलासा हुआ है कि इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर फुआद शुकर को निशाना बनाने से पहले लंबे समय तक उसकी निगरानी की। फुआद शुकर अपनी ही एक गलती से मोसाद के जाल में फंसा। दरअसल शुकर का एक साथ चार-चार महिलाओं से प्रेम संबंध था और इन महिलाओं से बातचीत के दौरान ही शुकर मोसाद के जाल में फंसा और आखिरकार मोसाद ने बीते दिनों उसे लेबनान के एक अपार्टमेंट में ढेर कर दिया। फुआद शुकर हिजबुल्ला के सह-संस्थापकों में से एक था और इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद दशकों से उससे जुड़ी जानकारी जुटाने में लगी हुई थी। इसी दौरान मोसाद को पता चला कि फुआद शुकर का शादी के बाद भी चार महिलाओं से संबंध थे और वह कथित तौर पर वह एक साथ चार महिलाओं से संबंध रखने को लेकर खुद को दोषी समझता था। इसे लेकर उसने हिजबुल्ला के धार्मिक मामलों के शीर्ष मौलवी हाशेम सफीद्दीन से बात की थी। सफीद्दीन ने कथित तौर पर शुकर को चारों महिलाओं से शादी करने की सलाह दी थी। इसके बाद शुकर ने फोन ही पर चारों महिलाओं से शादी की। हालांकि यह साफ नहीं है कि ये शादी कब हुई। हालांकि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान शुकर मोसाद के जाल में फंस गया और उसकी लोकेशन मोसाद को पता चल गई।




चूहा- सुनती हो, प्रशांत किशोर कह रहें हैं कि तेजस्वी यादव भाजपा की बी टीम है।

चुहिया- हां जी, यहां तो सभी पार्टियां बी टीम हो गई हैं, अब सी टीम की जरूरत है।

## सात स्तरीय सुरक्षा के घेरे में आयोजित होगा महाकुंभ, यूपी के मंत्री ने दी ये जानकारी

**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** इस बार आयोजित होने वाला महाकुंभ सात स्तरीय सुरक्षा के घेरे में आयोजित होगा। पहला सुरक्षा घेरा आसपास के जिलों और उनसे आने वाले मार्गों पर वाहनों की चेकिंग के रूप में होगा तो अंतिम सुरक्षा घेरा कुंभ क्षेत्र के मुख्य स्नान घरों के आसपास होगा जहां सुरक्षा एजेंसियों के सबसे टॉप क्लास के अफसर तैनात होंगे। हजारों सीसीटीवी कैमरों के अलावा 10 हजार से अधिक जवानों को सुरक्षा के लिए लगाया गया है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा जमीन से ही नहीं ड्रोन कैमरे के द्वारा हवाई क्षेत्र से और गंगा-यमुना की जलधारा के अंदर से विशेष कैमरों के जरिये लोगों पर नजर रखी जाएगी। कुम्भ मेला क्षेत्र और कुम्भ के विषय में कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए सोशल मीडिया और अन्य स्थानों पर रखी जायेगी। साइबर क्राइम से जुड़े सुरक्षा अधिकारी इस पर नजर रखेंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि महाकुंभ महापर्व यूनेस्को के द्वारा विशिष्ट सांस्कृतिक आयोजन रूप से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। आसपास आने वाले जिलों के सभी मार्गों को इसमें शामिल किया गया है। 11 भाषाओं में डिजिटल सहायता सभी तीर्थ यात्रियों को जानकारी दी जाएगी।

## बीपीएससी को लेकर छात्रों में उबाल, लाठीचार्ज के खिलाफ बिहार बंद का ऐलान, विपक्ष के निशाने पर नीतीश



**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के खिलाफ छात्रों का गुस्सा बढ़ गया है। छात्र 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, आयोग ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। रविवार को राज्य की राजधानी पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पानी की बौछार की और हल्का बल प्रयोग किया, जिससे उनका गुस्सा और भड़क गया। जवाब में, छात्रों ने सोमवार को बिहार में राज्यव्यापी बंद (बंद) और सड़क नाकाबंदी की घोषणा की है, राजनीतिक दलों ने आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

साथ ही प्रशांत किशोर, उनकी पार्टी के अध्यक्ष समेत 600-700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने शाम को मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि गांधी मैदान से जेपी गोलंबर की ओर मार्च करते हुए प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर अवरोधक लांघने की भी कोशिश की। किशोर रविवार को अपराह्न प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और करीब एक घंटे बाद वहां से चले गए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि वह ''निजी दौरे पर दिल्ली तो चले गए हैं, लेकिन उनके पास अपने राज्य के युवाओं के लिए समय नहीं है।'' पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने राजभवन में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मुलाकात की। पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने बीपीएससी चेयरमैन से सीधा बात-चीत की। उन्होंने कहा मैं बात करूंगा और डीएम, एसपी से भी बात करूंगा कि किसी आधार पर उन्होंने लाठी चलाया और एफआईआर किया है। उन्होंने ये भी कहा है कि वे मुख्यमंत्री से खुद बात करेंगे उन्होंने ये भी कहा है कि किस आधार पर 12 हजार की परीक्षा होगी और 4 लाख की नहीं होगी? बीपीएससी के मुद्दे पर पूरी जांच की बात कही है और वार्ता करने की बात कही।

### छात्रों के आंदोलन को किया हाईजैक, प्रशांत किशोर पर तेजस्वी का आरोप, बताया नीतीश का 'बी' टीम

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने जन सुराज पार्टी पर परोक्ष हमला बोलते हुए प्रशांत किशोर द्वारा नवगठित पार्टी पर बिहार में नीतीश कुमार के सत्तारूढ़ गठबंधन की 'बी टीम' के रूप में काम करने का आरोप लगाया। हाल ही में बीपीएससी परीक्षा का विरोध कर रहे छात्रों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा पानी की बौछारें करने के कुछ घंटों बाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि प्रदर्शनकारियों को गांधी मैदान की ओर मार्च करने के लिए गुमराह किया गया था। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने आरोप लगाया कि यह आंदोलन छात्रों द्वारा शुरू किया गया था। गर्दनीबाग में लगभग दो सप्ताह तक चले धरने, जहां मैं भी हाल ही में गया था, ने सरकार को हिलाकर रख दिया था। इस समय, कुछ तत्व सरकार की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं।

## अब कनाडा में विमान क्रैश! लैंडिंग के दौरान आग की लपटें, रनवे पर फिसलता चला गया प्लेन



**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** दुनिया भर में हवाई दुर्घटनाओं की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान के बाद, अब कनाडा में भी एक विमान हादसा हुआ। हालांकि इस बार राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। यह दुर्घटना कनाडा के नोवा स्कोटिया स्थित हैलीफैक्स स्टैनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई। एयर कनाडा एक्सप्रेस की फ्लाइट एसी 2259 न्यूफाउंडलैंड के सेंट जॉन्स से उड़ान भरने के बाद लैंडिंग के वक्त दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान के लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे विमान रनवे पर फिसलता चला गया। विमान का बायां पंख जमीन पर रगड़ने लगा, जिससे उसमें आग लग गई। यात्रियों ने पंख को आग की ऊंची लपटों में घिरा देखा। हालांकि, फ्लाइट में सवार सभी 73 यात्री सुरक्षित बचा लिए गए। एयर कनाडा के प्रवक्ता पीटर फिट्ज़पैट्रिक ने जानकारी दी कि विमान लैंडिंग के बाद टर्मिनल तक नहीं पहुंच सका, और यात्रियों को बस के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## भारत पर कितना कर्ज ? सुनकर दंग हो जाएगी दुनिया



**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** अमेरिका का कुल कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर यानी दुनिया के कुल कर्ज का 34.6 प्रतिशत है। अमेरिका की जीडीपी के मुकाबले कर्ज 125 अधिक है। गिरती अर्थव्यवस्था के बावजूद अमेरिका अपने कर्ज का ब्याज चुका रहा। वहीं बात अगर चीन की करें तो वो दूसरा सबसे बड़ा कर्जदार देश है। चीन का कुल कर्ज 14.63 ट्रिलियन डॉलर यानी की दुनिया के कुल कर्ज का 16.1 प्रतिशत है। चीन की अर्थव्यवस्था भी चुनौतियों का सामना कर रही है। बात अगर जापान की करें तो इसका नाम तीसरे नंबर पर आता है। जापान पर कुल कर्ज 10.7 ट्रिलियन डॉलर यानी दुनिया के कुल कर्ज का 10 प्रतिशत है।

जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है भारत ने अर्थव्यवस्था के कई ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं। लेकिन सवाल ये उठता है कि भारत पर कुल कितना कर्ज है और क्या ये चिंता का विषय है। आपको सुनकर हैरानी होगी कि भारत पर कुल 3.057 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है। ये दुनिया के कुल कर्ज का 3.2 प्रतिशत है। हालांकि ये आंकड़ा बड़ा लग सकता है। लेकिन अगर इसे विकसित देशों जैसे अमेरिका और चीन के कर्ज से तुलना करें तो भारत की स्थिति बेहतर मानी जा सकती है। दरअसल, कोरोना महामारी ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को गहरा झटका दिया। कई देशों की जीडीपी गिर गई और उन्हें अपने अर्थव्यवस्थाओं को संभालने के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लेना पड़ा। आईएमएफ और यूनाइटेड नेशन ट्रेजरी के आंकड़ों के अनुसार दुनिया पर कुल कर्ज 102 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। बात अगर अमेरिका की करें तो वो दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश है।

## इसरो ने स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग का समय बदला



**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** इसरो ने अपने महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशन 'स्पेडेक्स' की लॉन्चिंग को दो मिनट आगे बढ़ा दिया है। इसरो का यह मिशन उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का पत्थर साबित होगा। पहले इसरो अपने स्पेस डॉकिंग मिशन स्पेडेक्स की लॉन्चिंग सोमवार रात 9.58 पर करने वाला था, लेकिन अब यह लॉन्चिंग दो मिनट की देरी से रात 10 बजे होगी। हालांकि लॉन्चिंग के समय में इस बदलाव की वजह इसरो ने नहीं बताई है। इसरो ने सोमवार को एक अपडेट में कहा, %लॉन्च का दिन आ गया है। आज रात ठीक 10 बजे, स्पेडेक्स और नए पेलोड के साथ पीएसएलवी-सी60 उड़ान भरने के लिए तैयार है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग पृथ्वी की कक्षा में डॉकिंग की भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अहम मिशन है, जो भविष्य में इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने और उपग्रह सेवा मिशनों के लिए बेहद अहम तकनीक है। इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार रात 9 बजे शुरू हुई 25 घंटे की उल्टी गिनती जारी है। भारत से पहले सिर्फ चीन, रूस और अमेरिका ही स्पेस डॉकिंग का सफल परीक्षण कर चुके हैं। भारत के चंद्रयान-4 मिशन की कामयाबी भी स्पेडेक्स मिशन पर निर्भर है। स्पेडेक्स लॉन्चिंग का इसरो के यूट्यूब चैनल पर रात साढ़े नौ बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस मिशन के तहत इसरो पृथ्वी की निचली कक्षा में दो स्पेसक्राफ्ट को आपस में जोड़ा जाएगा। साथ ही स्पेसक्राफ्ट को जोड़ने के बाद उनमें इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसफर करने की तकनीक का भी परीक्षण किया जाएगा। यह मिशन कितना चुनौतीपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसरो पीएसएलवी रॉकेट में दो अंतरिक्ष यान- स्पेसक्राफ्ट ए (एसडीएक्स01) और स्पेसक्राफ्ट बी (एसडीएक्स02) को एक ऐसी कक्षा में रखा जाएगा, जो उन्हें एक-दूसरे से 5 किमी दूर रखेगी।

## दिल्ली से कटा जम्मू का संपर्क; लुधियाना, फगवाड़ा और जालंधर में हाईवे जाम, यात्री हो रहे परेशान



**नई दिल्ली, 30 (न्यूज चैनल)।** बरनाला में किसानों के समर्थन में बाजार बंद, रेल और बस सेवा भी स्थगित है। किसानों द्वारा चंडीगढ़ बठिंडा नेशनल हाईवे पर बड़वर टोल प्लाजा, बरनाला-मानसा हाईवे पर धौला, बरनाला-लुधियाना हाईवे वाजिदके में सड़कों पर धरने लगाकर वाहनों को रोक कर आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी। फगवाड़ा में किसानों के धरने में आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज जोगिंदर सिंह मान पहुंचे। उन्होंने किसानों को संबोधित किया। फगवाड़ा में शुगर मिल चौक पर धरने पर बैठे किसानों के लिए दोपहर में चाय लंगर भी लगाया गया।

चंडीगढ़-जालंधर हाईवे पर भी किसानों ने धरना लगाया है। इस वजह से यातायात प्रभावित हो रहा है। कुराली में किसान संगठन के सदस्य बीच सड़क पर धरना लगाकर बैठे हुए हैं। वहीं मौके पर पुलिस बल भी तैनात है। ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो। हाईवे पर धरने के चलते वाहन चालकों को खासी परेशानी हो रही है। किसानों का यह धरना शाम चार बजे तक जारी रहेगा।

पंजाब बंद के दौरान ट्रेनों का संचालन भी बंद कर दिया गया है। इस वजह से पंजाब के सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ लगी है, लेकिन उन्हें ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। फगवाड़ा, जालंधर और लुधियाना में रेलवे यात्री भी परेशान हो रहे हैं। लुधियाना में रेलवे स्टेशन पर ठंड के बीच यात्री ट्रेनों का इंताजर करते रहे। फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशान हो रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि न खाने के लिए कुछ है और न ही ट्रेन के आने का कुछ पता है। इस कारण केवल चाय पीकर गुजारा कर रहे हैं। जालंधर में पंजाब बंद के दौरान कड़ी सतर्कता और जन सुरक्षा के लिए 24 प्रमुख स्थानों पर 1200 पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

CMYK